दिनांकः 19.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–देश और समाज के उत्थान में हर व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण–बेंगलूरु में प्रवासी राजस्थानीयों को निवेश के लिए आमंत्रित किया।
- सवाईमाधोपुर शहर आज अपना 262वां स्थापना दिवस मना रहा है।
- प्रदेशभर में सर्दी और कोहरे का असर बरकरार–21 जनवरी से नए तंत्र के असर से मावठ की संभावना।

........................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एयर, मोबाईल एप पर भी प्रसारित किया जाएगा। साथ ही यह कार्यक्रम ए आई आर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध रहेगा। मन की बात कार्यक्रम के हिन्दी में प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

........................................................................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि देश और समाज के उत्थान में हर व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि समाज में शांति, न्याय और सद्भावना को प्रोत्साहित करने की सभी की साझा जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री कल बेंगलुरू में आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास के साथ विरासत के संरक्षण की प्रेरणा दी है। जिसका अनुसरण करते हुए पूर्वजों की दी हुई सांस्कृतिक विरासत को संजोने के साथ मजबूत किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने राजस्थान और कर्नाटक की संस्कृति और विरासत को विशिष्ट बताते हुए कहा कि दोनों राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान–प्रदान करने को और मजबूत बनाने की जरूरत है।

........................................................................

मुख्यमंत्री ने कर्नाटक में बसे राजस्थानीयों को निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने निवेशकों के लिए बेहतर माहौल तैयार किया है जहां हर संभव सुविधाएं दी जा रही हैं।

........................................................................

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। ये सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा। सत्र की शुरूआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने से होगी। इसी दिन लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को वर्ष 2025–26 का आम बजट पेश करेंगी। बजट सत्र दो चरणों में होगा। पहला सत्र 13 फरवरी तक चलेगा। 14 फरवरी से 9 मार्च तक अंतराल रहेगा। दूसरा चरण चरण 10 मार्च से शुरू होगा, जो 4 अप्रैल तक चलेगा।

इधर, राज्य विधानसभा का सत्र भी 31 जनवरी से शुरू हो रहा है। सत्र को लेकर सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। सत्र के दौरान वर्ष 2025–26 का बजट भी पेश किया जाएगा। सत्र से

पहले राज्य सरकार द्वारा विभिन्न वर्गों के साथ बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम आयोजित कर उनसे सुझाव लिए जा रहे हैं।

.......................................................................

जयपुर जिले में लाडेसर अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत जिले के कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें पोषण किट दिये जाएंगे। पेश है एक रिपोर्ट –

.......................................................................

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का 85वां सम्मेलन कल से पटना में शुरू होगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इसका उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन में देशभर के विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारी, 'संविधान की 75वीं वर्षगांठः संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने में संसद और राज्य विधायी निकायों के योगदान' विषय पर संवाद करेंगे। सम्मेलन के दौरान लोकसभा अध्यक्ष 'संसदीय पद्धति और प्रक्रिया' पुस्तक के 8वें संस्करण का विमोचन करेंगे।

.......................................................................

पाली में प्रदेश का दूसरा न्यायिक सेवा केन्द्र शुरू किया गया है। राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश मनोज कुमार गर्ग ने कल इसका उद्घाटन किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि सेवा केन्द्र में अधिवक्ताओं और पक्षकारों को एक ही स्थान पर अपने प्रकरण दर्ज कराने की सुविधा मिलेगी।

.......................................................................

रास्ता खोलो अभियान के तहत जयपुर जिले में आपसी समझाइश और राजीनामे से अब तक 464 बंद रास्ते खुलवाए गए हैं। दशकों से बंद रास्ते खुलने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर ये अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर और अभियान की नोडल अधिकारी सुमन पंवार ने बताया कि अभियान के तहत पिछले एक सप्ताह में जयपुर जिले में बरसों से बंद 25 रास्ते खुलवाए गए हैं। अभियान के बीते दो महीनों के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में गांवों, खेतों और ढाणियों के बरसों से बंद पड़े रास्ते खुलवाए जा रहे हैं।

.......................................................................

सवाईमाधोपुर शहर आज अपना 262वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर शहर की प्रमुख इमारतों और चौराहों को सजाया गया है। जिला प्रशासन तथा पर्यटन विभाग की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

.......................................................................

प्रदेश में सर्दी और कोहरे का असर बना हुआ। हालांकि न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने से लोगों को राहत मिली है। राज्य के कई हिस्सों में आज सुबह के समय कोहरा छाया रहा, जिससे वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बृज क्षेत्र भरतपुर में कोहरे के चलते दिक्कतें बढ़ी हुई हैं। कृषि विभाग ने किसानों को पाले से फसल बचाने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने 21 और 22 जनवरी को नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई है। इसके असर से दौसा, सिरोही, अजमेर और टोंक सहित कई स्थानों पर मावठ के आसार हैं।

.......................................................................

सहायक अभियोजन अधिकारी–प्रारंभिक प्रतियोगी परीक्षा–2024 आज आयोजित की जाएगी। परीक्षा दोपहर बारह से दो बजे तक होगी। इसके लिए सौ से अधिक केंद्र बनाए गए हैं। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए करीब 52 हजार अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले परीक्षा केन्द्र पहुंचना होगा। इधर, आरएएस मेन्स मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन विस्तृत आवेदन भरने की आखिरी तारीख 21 जनवरी है।

.......................................................................